राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्र. 3096 परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2026 ग्वालियर, दिनांक 17 / 02 / 2026

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
संबंधित महाविद्यालय (म.प्र.)
एवं
समस्त विभागाध्यक्ष,
अध्ययनशाला,राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः— महाविद्यालयों के मेल द्वारा प्राप्त आवेदनों के तारतम्य में पूरक परीक्षाओं के नियमों में शिथिलता के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विशेष सप्लीमेंट्री परीक्षा सत्र जुलाई 2025 के प्रकरणों के संबंध में माननीय कुलगुरू महोदया द्वारा अनुमोदित परीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिए गयेः—

1. पूर्व वर्षों से निर्धारित व्यवस्था के अनुसार छात्र हित को ध्यान में रखते हुए समस्त संबंधित विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षा के साथ पूरक परिक्षार्थियों को अंतिम अवसर के रूप में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त के संबंध में विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं संबंद्व महाविद्यालय समस्त विद्यार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करें जिससे विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये जा रहे अंतिम अवसर में छात्र अपना परीक्षा आवेदन भर सकें।
2. तीन वर्ष के कोर्स हेतु (3+2=5) कुल 5 वर्ष अर्थात सत्र 2022 से 2026 तक नियमानुसार पात्र होंगे एवं चार वर्ष के कोर्स हेतु (4+2=6) वर्ष अर्थात सत्र 2021 से 2026 तक नियमानुसार पात्रता होगी तथा उक्त विद्यार्थियों को ही परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई।

उक्त के संबंध में समस्त विभागाध्यक्ष / प्राचार्य, विश्वविद्यालय से संबद्व समस्त महाविद्यालय सर्व संबंधित परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से सूचित कर उक्त दिनांक में उनकी उपस्थिति / सम्मिलित होने की कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

**नोटः— उक्त विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन करने की लिंक शीघ्र ही खोली जावेगी। जिसकी तिथि पृथक से घोषित की जावेगी।**

धन्यवाद,

(परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित)

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक,
रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर

क्र. 3097 परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2026 ग्वालियर, दिनांक 17 / 02 / 2026

**प्रतिलिपि** :—

1. माननीय कुलपति महोदया, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. फाइल।

परीक्षा नियंत्रक,
रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर